मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 88
मंगलवार, 08 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## वामपंथी उग्रवाद मार्च 2026 तक पूरी तरह होगा खत्म : अमित शाह

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा और विकास की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, डीजीपी और पूरी टीम को बधाई देता हूं क्योंकि जनवरी से अब तक 194 नक्सली मारे गए हैं, 801 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और 742 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को देश से खत्म किया जा रह है।

अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत, 2004 से 2014 तक इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 तक हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दस वर्षों में 3590 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। पिछले 10 वर्षों में 544 सुदृढ़ पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सड़क नेटवर्क 2,090 किमी था, पिछले 10 वर्षों में सड़क नेटवर्क बढ़कर



11,500 किमी हो गया है। पिछले 10 वर्षों में 15,300 मोबाइल टावर लगाए गए हैं और उनमें से 5139 टावरों को 4जी कनेक्शन दिए गए हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि हिंसा की घटनाएं 16,463 से घटकर 7700 हो गई हैं और अगले साल तक यह संख्या और कम हो जाएगी। नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में 70% की कमी आई है। हिंसा की रिपोर्ट करने वाले जिलों की संख्या 96 से घटकर 42 हो गई है। उन्होंने कहा कि हिंसा की रिपोर्ट करने वाले पुलिस स्टेशनों की संख्या 465 से घटकर 171 हो गई है, जिनमें से 50 पुलिस स्टेशन नए हैं यानी केवल 120 पुलिस स्टेशन हिंसा की रिपोर्ट कर रहे हैं। यह केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयास का नतीजा है।

## बीरभूम में कोयला खदान में विस्फोट, छह लोगों की मौत, जांच जारी

**बीरभूम, 07 अक्टूबर।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान विस्फोट में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हालांकि, अब तक तीन शव बरामद किए जा चुके हैं। बोलपुर के एएसपी राणा मुखर्जी ने कहा कि खनन क्षेत्र में विस्फोट के बाद हम यहां पहुंचे तो हमें 6 शव मिले, तीन लोग घायल हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है और पश्चिम बंगाल सरकार ने परिवारों को नौकरी देने की घोषणा की है। कंपनी मुआवजा भी देगी और फोरेंसिक टीम इस विस्फोट के पीछे की वजह की जांच करेगी। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया



कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने तब कहा कि कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हैं।

उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था। डब्ल्यूबीपीडी सीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने कहा, यह घटना कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी डब्ल्यूबीपीडीसीएल के पास पांच बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित क्षमता 4,265 मेगावाट है।

## सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी : ओम बिरला

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना करने की जरूरत पर बल दिया। बिरला ने कहा, हम सत्य व नैतिकता से ओत-प्रोत चरित्रवान एवं देशभक्त समाज की स्थापना न कर पाए तो हम देश को जिस वैभव तक ले जाना चाहते हैं, वह सम्भव नहीं हो पाएगा।



बिरला ने कहा इसलिए इस चिंता को दूर करने के लिए सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बिरला परमशक्ति पीठ द्वारा संचालित वात्सल्य ग्राम में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि धन की कमी पूरी की जा सकती है लेकिन अगर सत्य और नैतिकता पर आधारित समाज नहीं होगा तो हम देश को उस वैभव तक नहीं ले जा सकते, जिसके लिए हमारे यहां कामना की जाती है। इसलिए हमें सत्य व नैतिकता पर आधारित समाज तैयार करना है। उन्होंने नवरात्र पर्व का जिक्र करते हुए कहा, यह शक्ति अर्जित करने का पर्व है। मां के यहां आकर लोगों को इसी प्रकार से सेवा, समर्पण, त्याग व नैतिकता की शक्ति मिले। नवरात्र में मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है, उससे सारा समाज प्रेरणा ले।

## असदुद्दीन ओवैसी ने हिंदू एकता संबंधी टिप्पणी के लिए मोहन भागवत पर साधा निशाना

**हैदराबाद, 07 अक्टूबर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की उस टिप्पणी की आलोचना की है जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदू समाज को आंतरिक मतभेदों को मिटाकर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। ओवैसी ने आरोप लगाया कि संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही देश में हिंदुओं, मुसलमानों और अन्य लोगों को खतरा पैदा कर रहे हैं। ओवैसी ने रविवार रात तेलंगाना के निजामाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में न तो हिंदुओं और न ही मुसलमानों को किसी तरह का



खतरा है।

उन्होंने कहा, मुसलमानों, हिंदुओं, दलितों, आदिवासियों, सिखों, ईसाइयों को नरेन्द्र मोदी और मोहन भागवत से खतरा है। भागवत ने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और भाषाई, जातीय और क्षेत्रीय विवादों को मिटाकर हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। भागवत ने शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था, हिंदू सभी को गले लगाते हैं। वे निरंतर संवाद के माध्यम से समरसता के साथ रहते हैं। एआईएमआईएम प्रमुख ने आरोप लगाया कि मोदी ने सत्ता में रहने के दौरान हिंदुओं, मुसलमानों और अन्य लोगों को परेशान किया है। ओवैसी ने कहा कि मोदी झारखंड में जनसांख्यिकी परिवर्तन की बात करते हैं, जबकि देश बड़े पैमाने पर बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ओवैसी ने दावा किया कि चीन ने देश के 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, लेकिन भागवत इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। ओवैसी ने फलस्तीन के मुद्दे पर अपना रुख बरकरार रखते हुए मोदी से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बनाने और युद्धविराम के लिए कोशिश करने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नेतन्याहू सरकार ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद से 40,000 से अधिक फलस्तीनियों को मार डाला है। उन्होंने कहा, मैं अपने प्रधानमंत्री मोदी जी से आग्रह करता हूं कि बेंजामिन नेतन्याहू को समझाएं, (पश्चिम एशिया में) युद्धविराम के लिए दबाव डालें। भले ही 12-15 लाख फलस्तीनियों ने अपने घर खो दिए हैं, लेकिन मैंने उनका साहस देखा है, वे मौत से नहीं डरते। ओवैसी ने इससे पहले, 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद, फलस्तीन के समर्थन में सदन में नारा लगाकर विवाद खड़ा कर दिया था। वहीं, सत्ता पक्ष ने उनका विरोध करते हुए हंगामा किया था। हालांकि इसके बाद, उनकी टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने अपने नारे को उचित ठहराया था और कहा था कि जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फलस्तीन का नारा लगाकर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया।

## विधानसभा चुनाव से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों की मरम्मत की जाएगी: आतिशी

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सड़क मरम्मत समेत विभिन्न कार्यों को फिर से शुरू करेगी, जिन्हें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित तौर पर बाधित किया था।आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 89 क्षतिग्रस्त पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) सड़कों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत की जाएगी।उन्होंने कहा कि इसके लिए 74 टेंडर जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नेताओं ने कई निरीक्षणों



के दौरान कुल 6,671 गड्ढों की पहचान की है और इनमें से 3,454 को पहले ही भरा जा चुका है। संवाददाता सम्मेलन को केजरीवाल ने भी संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा, जब मैं जेल में था, तो इन लोगों (भाजपा) ने दिल्ली सरकार के कई काम रोक दिए थे। मेरे लौटने के बाद, मैंने और आतिशी ने सड़कों का निरीक्षण किया और पाया कि वे अच्छी स्थिति में नहीं थीं। मैंने उन्हें पत्र लिखा और अनुरोध किया कि आतिशी जी तुरंत प्रभाव से इन सड़कों की मरम्मत करवाएं।

## योगी ने स्पोर्ट्स फिटनेस जोन का जाना हाल, मोदी करेंगे उद्घाटन

- कहा, डॉ संपूणार्नंद स्पोर्ट्स स्टेडियम पूर्वांचल के खिलाड़ियों के लिए बड़ी उपलब्धि
- भारत सेवा श्रम संघ में मां दुर्गा व कालभैरव मंदिर में किया दर्शन पूजन

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सिगरा स्थित डॉ संपूणार्नंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराये जा रहे स्टेडियम के नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में कराये गये कार्यों का विस्तार से जानकारी ली। योगी ने कहा कि पूर्वांचल के खिलाड़ियों के लिए यह स्टेडियम बड़ी सौगात है।



बता दें, 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्टेडियम का उद्घाटन करेंगे। पूर्वांचल की खेल प्रतिभाओं के लिए 66782.4 स्क्वायर मीटर में बने इस हाईटेक स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रांउड पर सभी तरह के इंडोर और आउटडोर खेल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर खेलो इंडिया और स्मार्ट सिटी के सहयोग से टू बिल्ड पद्धति पर ईपीसी मोड पर एमएचपीएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कानपुर ने इसे तैयार किया है। पहले फेज की जो बिल्डिंग तैयार हुई है, उसमें कई खेल जैसे बैडमिंटन के 10 कोर्ट, स्क्वाश के 4 कोर्ट, 4 बिलियड्र्स की टेबल रूम, 2 इंडोर बास्केट बॉल कोर्ट, 20 टेबल टेनिस, कवर्ड ओलंपिक साइज स्विमिंग पुल, कवर्ड वार्म अप स्विमिंग पुल, जिमनास्टिक, जूडो, कराटे, मार्शल आट्र्स, योगा, रेसलिंग, तायकंडों, बॉक्सिंग, वेट लिफ़्टिंग, हाई टेक जिम्नेजियम जो की दो मंजिलो में बना है। जबकि सेकेंड व थर्ड फेज के कार्य भी काफी तेज गति से गतिमान और लगभग पूर्ण हो गया है। अधिकारी इस पर नजर बनाये हुए है। जो भी जल्द ही पूरा हो जायेगा। इसके पूर्व सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की। बैठकमें मुख्यमंत्री ने गतिमान परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्थाओं के अभियंताओं को निर्देशित कियां कहा कि परियोजनाओं को पूर्ण कराए जाने में किसी भी स्तर पर लेट लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजया दशमी एवं अन्य आगामी पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने के साथ ही चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर दिया। पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए। इसके बाद मुख्यमंत्री भारत सेवा आश्रम में महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित किया। देर शाम बाबा विश्वनाथ और काल भैरव का दर्शन-पूजन भी किया।

## हर्षवर्द्धन पाटिल शरद पवार की पार्टी में हुए शामिल

**मुंबई, 07 अक्टूबर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले, राज्य भाजपा इकाई को एक बड़ा झटका लगा जब पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता हर्षवर्द्धन पाटिल आज (7 अक्टूबर) शरद पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट में शामिल हो गए। पार्टी प्रमुख शरद पवार ने उनका स्वागत किया, क्योंकि शरद ने राकांपा (सपा) के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली। गौरतलब है कि भाजपा के एक प्रमुख नेता पाटिल ने सबसे पहले इंदापुर विधानसभा सीट पर पार्टी के साथ मतभेद के बाद राकांपा (सपा) में प्रवेश की पुष्टि की थी, जो वर्तमान में अजीत



पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को आवंटित की गई है।इससे पहले, शरद पवार खेमे में शामिल होने के बारे में मीडिया को अपने फैसले के बारे में विस्तार से बताते हुए पाटिल ने कहा कि उनके समर्थक चाहते हैं कि वह विधानसभा चुनाव लड़ें। उन्होंने मुझसे कहा कि चूंकि मेरे समर्थक चाहते हैं कि मैं इंदापुर से चुनाव लड़ूं, इसलिए मुझे फैसला करना चाहिए। मैंने उनसे बात की और फिर पार्टी में शामिल होने के फैसले पर पहुंचा। गौरतलब है कि ऐसी उम्मीद है कि पाटिल राकांपा (सपा) के टिकट पर अपने गृह क्षेत्र इंदापुर से चुनाव लड़ेंगे। उनका मुकाबला एनसीपी अजित पवार गुट के नेता और वर्तमान विधायक दत्तात्रेय भरणे से होगा।

पाटिल इंदापुर निर्वाचन क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी पर कड़ा रुख नहीं अपनाने के कारण भाजपा से नाखुश थे, उन्होंने पहले 1995, 1999 और 2004 में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में सीट जीती थी।

बाद में 2009 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए और फिर से सीट से जीत हासिल की। हालांकि 2014 के चुनावों में छाप छोड़ने में असफल रहे। 2019 में वह भाजपा में शामिल हो गए; हालाँकि, फिर से राकांपा उम्मीदवार भरणे से हार गए।



## स्वयं सिद्धि महाविद्यालय के छात्रों द्वारा नवरात्रोत्सव पर गरबा की रही धूम



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के कल्याण रोड साई बाबा मंदिर स्थित स्वयं सिद्धि मित्र संघ द्वारा संचालित स्वयं सिद्धि महाविद्यालय में नवरात्रि के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गरबा का भव्य आयोजन किया गया। कालेज की टीम व छात्राओं ने पूजा अर्चना के बाद गरबा नृत्य किया। बतादें कि स्वयं सिद्धि मित्र संघ द्वारा संचालित स्वयं सिद्धि डिग्री कालेज भिवंडी द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर गरबा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कालेज के विश्वस्त सीए सुरेश जैन द्वारा पूजा अर्चना कर मातारानी से विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना किये। कालेज के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर योगेश पवार व वरिष्ठ प्रा महेश सोनी तथा पत्रकार अब्दुल गनी खान ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किये। पत्रकार अब्दुल गनी खान ने अपने भाषण में छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए जिससे उनका मानसिक संतुलन बना रहे क्योंकि आज कंप्टीशन के दौर में बच्चों में मानसिक दबाव बना रहता है। इसलिए बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनना जरूरी है। इसके बाद छात्र और छात्राओं ने गरबा की शानदार प्रस्तुति करके माता की आराधना एवं भक्ति की एवं कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के संयोजक प्रा,रक्षा करवा वा अस्वाद शेख ने आए हुए छात्र छात्राओं को नवरात्रि पर्व की बधाइयां दी और छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें स्वर्णिम भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं दी एवं कहा कि इस गरबा के माध्यम से हम मां दुर्गा से आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और साथ ही यह आशा करते हैं कि आप इसी प्रकार भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखेंगे और इसका हस्तांतरण करते हुए देश की एकता अखंडता एवं शांति को बनाए रखने हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे। इस विशेष दिवस पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में प्रबंधन प्राचार्य, शैक्षिक व समस्त विभागों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## नागरिकों को स्वच्छ जल की आपूर्ति के लिए सार्वजनिक जल स्त्रोतों का स्वच्छता सर्वेक्षण

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित जल आपूर्ति करने के लिए जल की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। इसके लिए स्वच्छता सर्वेक्षण का महत्व अद्वितीय है। इस स्वच्छता सर्वेक्षण से जल जनित बीमारियों/महामारी को रोकने के लिए स्त्रोत, जल आपूर्ति संरचना और प्रबंधन के आसपास के क्षेत्र में पाए जाने वाले किसी भी दोष का समय रहते समाधान किया जा सकेगा। पालघर सर्वेक्षण की गुणवत्ता पूर्ण होने से जिले में मानसून के दौरान और उसके बाद होने वाली महामारी को रोकना संभव होगा। इसके लिए पालघर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे द्वारा जल स्त्रोतों का सर्वेक्षण समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जल जीवन मिशन के तहत सरकार ने हर परिवार को नल से शुद्ध जल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उसी के क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष में दो बार, मानसून से पहले और बाद में जल स्त्रोतों का स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाता है। मानसून के बाद 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत द्वितीय चिकित्सा अधिकारी को इस सर्वेक्षण की जिम्मेदारी दी जा रही है। यह एक बेहद खास सर्वे है और सर्वे के जरिए जिले की ग्राम पंचायतों को लाल, हरे, पीले, सिल्वर कार्ड बांटे जाते हैं। यह जानकारी जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के परियोजना निदेशक धनराज पांडे ने दी। लाल रंग का कार्ड देने का मापदण्ड :- जिस ग्राम पंचायत में जल शुद्धिकरण अनियमित है। अस्वच्छ जल स्त्रोत क्षेत्र, टपकते नल/वाल्व, ग्राम पंचायतों के पास उपलब्ध टीसीएल पाउडर का अपर्याप्त स्टॉक और उचित गुणवत्ता, वर्ष के दौरान जल जनित रोग फैलने वाली ग्राम पंचायतों को स्वच्छता सर्वेक्षण में स्त्रोत को गंभीर जोखिम के रूप में पहचाने जाने पर लाल कार्ड दिया जाता है। ग्रीन कार्ड जारी करने के मानदंडः- जिन ग्राम पंचायतों में उपरोक्त खामियां नहीं पाई जातीं, उन्हें ग्रीन कार्ड दे दिया जाता है। पीले रंग का कार्ड मानदंडः- पीले रंग का कार्ड उन गांवों में दिया जाता है जहां गंदगी की स्थिति पाई जाती है और यदि स्वच्छता सर्वेक्षण में स्त्रोत को मध्यम जोखिम के रूप में निर्धारित किया जाता है। सिल्वर रंग का कार्ड देने का मानदंडः- सिल्वर कार्ड उन ग्राम पंचायतों को दिया जाता है जो लगातार पांच वर्षों तक महामारी का प्रकोप न होने और पांच वर्षों तक ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के दोनों मानदंडों को पूरा करते हैं। तहसील स्तर पर सर्वेक्षण किए जाने वाले जल स्त्रोतों की संख्या में दहानु के 267, जव्हार के 353, मोखाडा के 214, पालघर के 276, तलासरी के 138, वसई के 70, विक्रमगढ़ के 196, वाडा के 484 जल स्त्रोतों के साथ कुल 1998 जल स्त्रोतों का सर्वेक्षण किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी जिला परिषद पालघर की जनसंपर्क अधिकारी श्रद्धा घरत द्वारा दी गई है।

## किया ने EV9 और कार्निवल लेमोजिन लॉन्च के साथ KIN 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन पेश किया

**मुंबई।** मशहूर प्रीमियम कार निमार्ता कंपनी किया ने एक बार फिर अपनी 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन रणनीति के साथ भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नए अंदाज में पेश करने के लिए दूरदर्शी नजरिया अपनाया है। किया 2.0 कंपनी के वाहनों में डिजाइन और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने पर फोकस किया गया है, जो भारत के ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नये बदलाव की शुरूआत करता है। कंपनी ने एकदम नई तकनीकों के साथ इस बदलाव को शुरू करने के लिए भारत में EV9 और कार्निवल लेमोजिन को लॉन्च किया है। किया ने EV9 और कार्निवल लेमोजिन में 20 मजबूत सेफ्टी फीचर्स के साथ एक्टिव और पैसिव सेफ्टी को बढ़ावा दिया है। हैकंपनी ने EV9 और कार्निवल लेमोजिन को क्रमशः 1,29,90,000/- और 63,90,000/-की शुरूआती कीमत पर लॉन्च किया है। किया 2.0 में महत्वपूर्ण इनोवेशन किए गए हैं, जिसमें किया कनेक्ट 2.0 और एडवांस्ड व्हीकल टू एव्हीथिंग (व2) तकनीक शामिल है। किया कनेक्ट 2.0 का मतलब है कि किया कनेक्ट अपडेटेड कनेक्टेड कार प्लेटफॉर्म कई नए इनोवेशन के दरवाजे खोलता है। नया प्लेटफॉर्म न केवल मैप के लिए बल्कि वाहन डायग्नोस्टिक के लिए भी कंट्रोलर OTA (ओवर द एयर) अपडेट सुविधा देता है।

उत्तरशक्ति
* संपादक: ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षक: सुरेश प्रजापति
* उप संपादक: प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादक: डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालय: मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्ल्यू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाक हिल वडाला, मुंबई-37

## विधायक कुमार आयलानी द्वारा विकास कामों का एक साथ कई जगह भूमिपूजन

### उल्हासनगर में एक साथ 9 जगह नारियल फोड़कर भूमिपूजन



**उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)।** बरसात खत्म होते ही उल्हासनगर शहर में लगातार विकास कार्यों को लेकर विधायक कुमार आयलानी द्वारा भूमिपूजन किया जा रहा है, इसी तरह सोमवार को भी आमदार कुमार आयलानी द्वारा कैंप 3 के पैनल 11 में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल पंजाबी के क्षेत्र में यह भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ है। इस अवसर पर सभी जगहों पर लाल पंजाबी समेत तमाम नागरिक उपस्थित रहे।

सिंधु यूथ सर्कल कार्यालय के आसपास आरसीसी नाली बनाने के कार्य, परम आनंद भंडार के पास बनाई गई सड़क का लोकार्पण, सेक्शन 20 लोकमान्य तिलक नगर में गली की सीसी सड़क, पहलूमल गार्डन में शेड निर्माण का कार्य तथा प्रेम बाजार में बाजार से पवनधाम तक सड़क निर्माण के साथ ही आनेको विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। लोकमान्य तिलक नगर के निवासियों का कहना था कि इस सड़क के बनने से उस परिसर के सैकड़ों लोगों को लाभ मिलेगा वहीं सबसे ज्यादा समस्या का सामना स्थानीय छोटे बच्चों तथा बुजुर्गों को करना पड़ रहा था जिससे अब राहत मिल सकेगी। लोकमान्य तिलक नगर के विजय पवार, विजय साल्वे, सुषमा गुप्ता, राजकुमार यादव, सोनू पवार, सुनील कांबले, सतीश उचप्पा, रिंकू गुप्ता चंपा वागरी, अनीता राजभर, कुसुम उपाध्याय तथा गौरी ने इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए आमदार कुमार आयलानी का आभार व्यक्त किया। वहीं पहलूमल गार्डन में पिछले कई वर्षों से दुर्गा पूजा का पंडाल लगाया जाता है और स्थानीय बुजुर्ग स्वास्थ लाभ के लिए वहां पर आते है सभी छांव में बैठ सके इसके लिए शेड के निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया मंदिर के पुजारी शैलेश भाई ने बताया कि शेड बनाने से तमाम नागरिकों को राहत मिलेगी। प्रेम बाजार सेक्शन 21 में भूमिपूजन के दौरान कन्हैयालाल आशेजा, कमलेश परमानी, अमित कुकरेजा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## लाडकी बहीण योजना के लाभार्थी महिलाओं का सन्मान कार्यक्रम



**उल्हासनगर(उत्तरशक्ति)।** उल्हासनगर के प्रसिद्ध टाऊन हॉल मे पूर्व नगरसेवक राजू जग्यासी व रवी जग्यासी द्वारा लाडकी बहीण योजना के लाभार्थी महिलायो का सन्मान सोहळा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम मे विधायक कुमार आयलानी,भाजप जिल्हा अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी,विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनू पुरसवानी,पूर्व महापौर मीना कुमार आयलानी,उद्योगपती धीरज कुमार आयलानी,सिंधी साहीत्य अकॅडमी कार्याध्यक्ष महेश सुखरामनी,मंगला चांडा,लक्की नाथानी,अजित सिंग लबाना,बॉक्सर भाई,दिनेश पंजाबी आदी मान्यवर व बडी संख्या मे महिलाये उपस्थित रही थी।

## टाटा मोटर्स ने टाटा पंच का स्पेशल कैमो एडिशन पेश किया

**मुंबई।** भारत की प्रमुख एसयूवी निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार, टाटा पंच का एक खास सीमित संस्करण कैमो एडिशन लॉन्च किया है। यह आकर्षक सीवीड ग्रीन रंग में उपलब्ध है, जिसकी छत सफेद रंग की है। इसमें आर16 चारकोल ग्रे अलॉय व्हील्स और खास कैमो थीम वाले डिजाइन दिए गए हैं। इस एडिशन में 10.25-इंच इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा, वायरलेस चार्जर, रियर एसी वेंट, फास्ट सी-टाइप यूएसबी चार्जर और आर्मरेस्ट के साथ शानदार कंसोल जैसे फीचर्स इसे और भी खास बनाते हैं। यह टाटा पंच की प्रीमियम पहचान और ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाते हैं। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, श्री विवेक श्रीवत्स ने कहा, अक्टूबर 2021 में लॉन्च के बाद से ही पंच को इसके शानदार डिजाइन, बेहतरीन परफॉर्मेंस, शानदार इंटीरियर और सेफ्टी के लिए काफी सराहना मिली है।

इसने एसयूवी की खासियतों को सबके लिए सुलभ बना दिया और कॉम्पैक्ट साइज में बड़ा पैकेज पेश किया है। ग्राहकों को उनके पैसे की सही कीमत, स्टाइल और कामकाजी सुविधाओं का बेहतरीन मिश्रण मिलने के कारण पंच ने ऋ 2025 में सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ी का खिताब हासिल किया है। ग्राहकों की भारी मांग पर, हम एक बार फिर पंच का सीमित कैमो एडिशन लेकर आए हैं। त्यौहारी सीजन के बीच, यह ग्राहकों के लिए अपनी पसंदीदा एसयूवी घर लाने का एक और मौका होगा।

## घरेलू गणेशोत्सव सजावट प्रतियोगिता भव्य पुरस्कार समारोह

### विधायक विश्वनाथ भोईर द्वारा विजेताओं को सम्मानित



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पश्चिम विधायक विश्वनाथ भोईर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित घरेलू गणेशोत्सव सजावट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम तीन विजेताओं के अलावा 20 अन्य प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह शानदार समारोह कल्याण के महाजनवाड़ी हॉल में संपन्न हुआ। घरेलू गणेशोत्सव सजावट प्रतियोगिता पिछले महीने हुए गणेशोत्सव के दौरान आयोजित की गई थी। जिसमें कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के ढाई सौ से अधिक स्पर्धकों ने भाग लिया। जिसमें से 23 प्रतियोगियों को विधायक विश्वनाथ भोईर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस प्रतियोगिता में तुषार पाटिल परिवार ने प्रथम, विक्रांत परिवार ने द्वितीय तथा राहुल पंडित परिवार की गणेशोत्सव सजावट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के आयोजक विधायक विश्वनाथ भोईर, शहर प्रमुख रवि पाटिल, छाया वाघमारे, पूर्व नगरसेवक संजय पाटिल, वैशाली भोईर और अन्य गणमान्य लोगों ने विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ भोईर सहित पूर्व नगरसेवक प्रभुनाथ भोईर, जयवंत भोईर, विभाग प्रमुख रामदास कारभारी, डॉ.धीरज पाटिल, युवा सेना के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रतीक पेनकर सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्पर्धकों के परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आचार्य पवन त्रिपाठी को वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र पाण्डेय ने दी बधाई



**मीरा रोड (उत्तरशक्ति)।** मीरा रोड श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट मुंबई के कोषाध्यक्ष बनने पर मुंबई ही नहीं आस पास के ठाणे, कल्याण में भी स्वागत समारोह का कार्यक्रम रखकर बधाई दे रहे है उसी की कड़ी में भाजपा मीरा भाईंदर जिला शहर एवम भाजपा उत्तर भारती मोर्चा के तत्वावधान में पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। श्री स्वामी नारायण मंदिर हाल सेक्टर १० शांति नगर मीरा रोड में आयोजित स्वागत समारोह वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवक महेंद्र पाण्डेय ने आचार्य पवन त्रिपाठी का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। भाजपा पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने अपने संबोधन में खुशी व्यक्त करते हुई मीरा रोड मे आने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। भाजपा उत्तर भारती मोर्चा मीरा भाइंदर जिला शहर अध्यक्ष सुरेश सिंह ने अपने संबोधन में आए हुई अतिथियों एवम गणमान्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुई भविष्य मे साथ एवम सहयोग की कामना की। आचार्य पवन त्रिपाठी को बधाई देने वालो में पूर्व सभापति, नगरसेवक मनोज रामनारायण दुबे, वरिष्ठ समाज सेवक रत्नाकर मिश्रा, भाजपा नेता प्रमोद मिश्रा, समाज सेवक कमला शंकर मिश्र, अधिवक्ता डी.के. पाण्डेय, रमेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, कमलेश दुबे, संदीप तिवारी, सुरेंद्र तिवारी,अधिवक्ता प्रमथेश मिश्रा, अधिवक्ता मनीष मिश्रा, सुशील दुबे, उमेश पाण्डेय के साथ साथ सैकड़ों की संख्या मे लोगो की उपस्थिति रही।

आचार्य पवन त्रिपाठी (कोषाध्यक्ष श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट) ने उपस्थित लोगो को धर्म को बढ़ावा देने एवम देश हित मे किसी भी प्रकार के कार्य के लिए सदैव साथ एवम सहयोग का आश्वासन दिए।

## समाजसेवी रतन मिश्रा ने शिव मंदिर में प्रारंभ किया वेद पाठ




**ठाणे (उत्तर शक्ति)।** समाजसेवी एवं श्री परिवार के संचालक रतन मिश्रा ने नवरात्र के शुभ अवसर पर ठाणे मनोरमा नगर शिव मंदिर में वेद पाठ की शुरूआत की। श्री परिवार ठाणे जिले में अनेक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यों में अपने सहयोग समर्पण का कार्य करते हैं। परिवार में लगभग 1000 भाइयों बहनों का समावेश है। सभी के सुख-दुख में सदैव समर्पण का कार्य करने के लिए सभी आगे तत्पर रहते हैं। बच्चों को माता-पिता की सेवा करने,उच्च शिक्षा प्राप्त करने, शिक्षित बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराने की श्री परिवार की सोच रहती है ।श्री परिवार के संचालक रतन मिश्रा ने निरंतर दो वर्षों से प्रत्येक रविवार सुबह 8:00 बजे से 10:30 बजे तक वेद पाठ का आयोजन शिव मंदिर मनोरमा नगर में किया है। मंदिर के पुजारी ,अचार्य और सभी गणमान्यों ने मिलकर वेद पाठ करने वाले भाइयों का माल्यार्पण कर समाज को एक दिशा दिखाने का कार्य किया है।

श्री परिवार के माध्यम से सभी भाइयों से विनती है कि प्रत्येक रविवार को अवश्य अपने परिवार को भी लेकर आएं ।बच्चों को ज्ञान दें तथा वेद पाठ अवश्य करें । वेद पर पाठांतर करने के बाद वेद की जो बातें निकलकर सामने आती है वह ज्ञान का भंडार समाज को जगाने की दिशा का कार्य कर रही है। वेद पाठ की शुरूआत करने में श्री परिवार के वीरेंद्र पांडे ,कमलेश पाठक, डॉक्टर अजय तिवारी, बसंत मिश्रा ,दयाशंकर शुक्ल ,आनंद दुबे ,अमित तिवारी एवं बी पी पांडे आदि गणमान्यों का सहयोग सदैव प्राप्त होता रहा है। गंगा प्रसाद तिवारी ने श्री परिवार के ऐसे पवित्र कार्य की सराहना की।

## उत्तर पश्चिम जिला माइनॉरिटी डिपार्मेंट कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** उत्तर पश्चिम जिला अल्पसंख्यक विभाग, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद सिकंदर आजम द्वारा आज अजीज ग्लास, ओशिवारा प्लाजा में कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड आयोजक सिकंदर आजम को शानदार कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि कार्यक्रम में शामिल हजारों की संख्या में आए अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ता कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इस मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री असलम शेख ने कहा कि अब वह समय आ गया है कि बरसों से जिन कार्यकताओं ने कांग्रेस के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित किया, ऐसे कार्यकताओं को अच्छी जगह, चाहे वह सरकारी विभाग हो अथवा उसे पार्टी के अंदर बड़ा पद मिलना चाहिए ।उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं अपनी पूरी ताकत लगा दूंगा ताकि जवानी से लेकर बुढ़ापा तक अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को समर्पित करने वाले कार्यकताओं को न्याय मिल सके ।इस मौके पर महाराष्ट्र अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी अहमद अहद खान, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान, एआईसीसी के महासचिव महेश मलिक, पूर्व विधायक अशोक भाऊ जाधव, मुंबई युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश यादव, जिला अध्यक्ष क्लाइव डाईस, मुंबई कांग्रेस महासचिव अवनीश तीर्थराज सिंह, महाराष्ट्र कांग्रेस की महासचिव भावना शर्मा जैन, पूर्व नगरसेवक मोहसिन हैदर ,मुंबई महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष गुरप्रीत कौर चड्ढा ,पूर्व नगरसेवक चंगेज मुल्तानी ,कयुम तंबोली, मोहम्मद अली नदाफ सरफराज पाठक समेत भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## यादव समाज भिवंडी द्वारा 3 नवंबर को होगा भव्य गोवर्धन पूजा व दीपावली स्नेह सम्मेलन

### राधा कृष्णा विद्यालय में आमसभा में प्रस्ताव पारित



**आचार्य सूरजपाल यादव**
**भिवंडी।** यादव समाज भिवंडी द्वारा संचालित राधा कृष्णा स्कूल शिवराम नगर कामतघर भिवंडी में गोलमेज सभा का आयोजन कर समाज को एक मंच पर लाने की पहल की गयी जिसके लिए यादव समाज भिवंडी द्वारा 3 नवंबर को गोवर्धन पूजा व दीपावली स्नेह सम्मेलन का सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया । बतादें कि यादव समाज भिवंडी के अध्यक्ष डाक्टर एन एल यादव द्वारा बुलाई गयी आमसभा में गोलमेज बतकही में सभी लोगों ने समाज के समग्र विकास के लिये एकमत होकर गोवर्धन पूजा व दीपावली स्नेह सम्मेलन का प्रस्ताव रखा जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया । समाज के अध्यक्ष डाक्टर एन एल यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज को एकजुट करने के लिये समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए जिससे समाज के लोगों को अपनी सहभागिता दशार्ने का अवसर प्राप्त हो ।

वहीं संस्था के सचिव आर एल यादव ने समाज के लोगों का आभार प्रकट करते हुये कहा कि राधा कृष्णा विद्यालय के विकास के लिये आप सभी लोगों की पहल का हम स्वागत करते हैं । इस अवसर पर यादव समाज के अध्यक्ष डा.एन एल यादव , सचिव आर एल यादव , कोषाध्यक्ष विजय बहादुर यादव , डा. बृजेश यादव , सदस्य चंद्रभान यादव , मनोज यादव , समाजसेवक हीरालाल यादव , पी डी यादव , मंगेश यादव , लल्लन यादव , सुग्गीदेवी यादव , विजय प्रताप यादव , कमलेश यादव , सुभाष यादव , अरविंद यादव , संतलाल यादव , अजय यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक को फॉरेन एक्सचेंज सेवाओं के लिए आरबीआई की मंजूरी मिली

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा प्राधिकृत विक्रेता श्रेणी 1 लाइसेंस (एडी 1 लाइसेंस) दिए जाने से बैंक को अलग-अलग तरह के विदेशी विनिमय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की क्षमता हासिल होगी।

अक्टूबर, 2024 : अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से एडी 1 लाइसेंस प्राप्त किया है। इस लाइसेंस के बाद बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय के सम्पूर्ण उत्पाद और सेवाएं प्रदान कर सकेगा। वर्तमान में मौजूदा एडी 2 लाइसेंस के अंतर्गत बैंक केवल सीमित उत्पाद प्रदान कर रहा था।

इस लाइसेंस के साथ, उज्जीवन अब विदेशी विनिमय बाजार में विभिन्न श्रेणियों के अपने ग्राहकों को विदेशी मुद्रा लेन-देन (विदेशी मुद्रा में क्रय/विक्रय/ऋण) की व्यापक श्रेणी की सुविधा दे सकता है। यह सुविधा भारत और विदेश, दोनों में परिचालन करने वाले ग्राहकों को उपलब्ध होगी, जिसमें खुदरा बैंकिंग, एमएसएमई/ ट्रेड फाइनेंस और ट्रेजरी कारोबार के अंतर्गत विभिन्न विदेश विनिमय सेवाएं शामिल हैं।




स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घरटनपाडा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घनेकर मार्ग आजाद रोड फायर ब्रिगेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालय: नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

